### एक नजर

#### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत




चित्रकूट, अमृत विचार : सीतापुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। बस स्टैंड के पास रहने वाले बड़कू द्विवेदी का पुत्र सुधांशु उर्फ नितिन (27) शनिवार रात बाइक से घर लौट रहा था। नट बाबा के पास हाइवे पर वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। माना जा रहा है कि सड़क पर पड़ी बालू से बाइक फिसल गई और पीछे से आ रहे वाहन ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना रात के लगभग दस बजे की बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी अजीत पांडेय ने बताया कि ऐसा लगता है कि नो इंट्री छूटने के बाद ट्रक निकले थे और इसी दौरान किसी वाहन की चपेट में आने से मौत हुई है। बताया कि युवक को अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

#### आरोपी से तमंचा और कारतूस बरामद

मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार : उप निरीक्षक इंद्रजीत गौतम ने कमलेश पुत्र शंभू निवासी बंबुरा को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी अनुज दुबे शामिल रहे।

# तीर्थ विकास परिषद बनने के बाद बदल रहा चित्रकूटधाम

## जिलाधिकारी की अगुवाई में गढ़ी जा रही नई तस्वीर

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश श्री चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद अभिषेक आनंद की अगुवाई में जिले में कई ऐसे काम हुए और हो रहे हैं, जिनसे तीर्थक्षेत्र का विकास तो हुआ ही है, पर्यटकों और श्रद्धालुओं के मन में भी यहां की नई और सुगढ़ तस्वीर गढ़ रही है।

अपर उप जिलाधिकारी और परिषद के विशेष कार्याधिकारी पंकज वर्मा बताते हैं कि तीर्थक्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बचाने और यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने 24 अगस्त 2021 को उप्र श्री चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद का गठन किया था। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। डीएम को मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। इसके तहत जिले के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का विकास जारी है। पंकज वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 130.47 लाख रुपये, वित्तीय वर्ष-2022-23 में 1435.84 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8645.56 लाख की योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। वित्तीय वर्ष-2021-22 एवं 2022-23 में स्वीकृत सभी कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है तथा वित्तीय वर्ष-2023-24 के स्वीकृत कार्य जल्द पूरे हो जाएंगे। बताया कि सितंबर 2022 में पहली बार बजट आवंटित हुआ। वित्तीय वर्ष- 2022-23 में 73.62 लाख रुपये की लागत से जिले में टायलेट ब्लाक, ड्रिंकिग वाटर, म्यूरल वाल, रेस्टिंग एरिया का काम एवं टायलेट ब्लाक की दीवारों पर रेड स्टोन लगाने का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा 164.70 लाख रुपये से पर्यटन संग्रहालय भवन में तीर्थ विकास परिषद के अस्थायी कार्यालय की स्थापना हो चुकी है। कई अन्य काम भी पूरे हो चुके हैं या पूरे होने की कगार पर हैं। बताया कि 401.97 लाख की लागत से कामदगिरि मार्ग पर दो द्वार बन रहे हैं। इसी प्रकार 420.75 लाख की लागत से पर्यटन चौराहे से रामघाट एवं शिवरामपुर तिराहे तक पथ प्रकाश, परिक्रमा मार्ग में 63 केवीए जनरेटर की स्थापना, इलेक्ट्रिक पोल स्थापना का काम 86 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके अलावा जनरेटर की आपूर्ति के लिए कार्रवाई चल रही है। कई काम 50 फीसदी पूरे हुए हैं। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर स्थित कुंड का सुंदरीकरण लगभग चालीस फीसदी पूरा हो चुका है। भरतकूप मंदिर का सुंदरीकरण किया जाना है।



विकास पथ पर अग्रसर चित्रकूट की कुछ तस्वीरें। अमृत विचार





### तीर्थक्षेत्र को विश्वपटल पर पहचान देने की मंशा

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के यहां आने के बाद कई ऐतिहासिक कार्य हुए। डीएम की मंशा चित्रकूट को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की मंशा है। माना जाता है कि इससे तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों का आकर्षण एवं भव्यता बढ़ेगी साथ ही साथ यहां आने वाले तीर्थयात्रियों, पर्यटकों को सुविधाओं का लाभ होगा। इससे निश्चित रूप से राजस्व भी बढ़ेगा। 14 सितम्बर, 2023 में परिषद ने तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया। पहली बार हुए इस तरह के इसमें भक्ति थीम पर आधारित कार्यक्रम को देखने को भीड़ उमड़ी। इसे जमकर सराहा भी गया। पिछले साल दीपावली मेले में भी इस बार श्रद्धालुओं ने जगह जगह की गई सजावट को शानदार बताया।

### बदलेगा तुलसीतीर्थ भी

पंकज बताते हैं कि परिषद द्वारा भेजी गई कार्ययोजना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 130.47 लाख रुपये की लागत से तुलसीतीर्थ में तुलसी स्मारक का पर्यटन विकास शामिल है। कई काम पूरे हो चुके हैं। पूरे हुए कामों के हस्तांतरण की कार्यवाही चल रही है। 21.58 लाख की लागत से समोगर माता मंदिर का पर्यटन विकास कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा अन्य काम हैं, जिनकी निविदा की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है।

### अब तक ये कार्य हुए पूरे

पर्यटन विकास की दृष्टि से जिले में अब तक कई काम पूरे हो चुके हैं। एएसडीएम बताते हैं कि 189.52 लाख रुपये की लागत से रामघाट के पास पर्यटक चौराहे का विकास हो रहा है। प्रवेश द्वार बन रहा है। फाउंडेशन पूरा चुका है। सूरजकुंड में 19.37 लाख की लागत से टायलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग टाइल्स का काम पूरा हो चुका है। द्वार का काम जल्द पूरा हो जाएगा।

### ये कार्य भी प्रगति पर

पंकज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 25.73 लाख की लागत से वाल्मीकि आश्रम में महर्षि वाल्मीकि की 12.5 फीट मूर्ति के लिए पैडेस्टल व अन्य सुंदरीकरण काम के अलावा वाह्य विद्युतीकरण का काम प्रगति पर है। 1120.79 लाख की लागत से आश्रम के पास पर्यटक सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। 1138.93 लाख रुपये की लागत से गणेशबाग स्थित श्री रामवाटिका इको पार्क की निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। 243.60 लाख की लागत से रामघाट स्थल का बाहरी विद्युतीकरण किया जाना है। 126.95 लाख से ऋषियन आश्रम का पर्यटन विकास किया जाएगा।

#### इनकी तकनीकी स्वीकृति की कार्रवाई जारी

अपर उप जिलाधिकारी ने बताया कि परिषद की कार्ययोजना में 44.31 लाख की लागत से बरगढ़ स्थित शिव मंदिर का पर्यटन विकास शामिल है। 141.22 लाख से मऊ स्थित परानू बाबा मंदिर, 2332.39 लाख से तीर्थक्षेत्र में रामघाट के पास कार पॉर्किंग का कार्य होना है। 226.73 लाख से कोठी तालाब का सुंदरीकरण और पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य होना है। 620.95 लाख से बेड़ी पुलिया चौराहे का सुंदरीकरण प्रस्तावित है। इन कामों की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के लिए कार्रवाई जारी है।

## बीएसए के रवैये से आहत हैं लिपिक के परिजन

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** बीएसए कार्यालय में कार्यरत लिपिक लवलेश कुमार पांडेय की असामयिक मौत और उस पर बीएसए लव कुमार यादव की उनकी मौत को लेकर की गई बातों से परिजन आहत हैं। मृतक लिपिक के भाई का कहना है कि चिकित्सकों का डेथ सर्टीफिकेट बताता है कि उनकी मौत की वजह मानसिक दबाव है।

पहाड़ी थानांतर्गत खरसेड़ा गांव के मूल निवासी लवलेश कुमार पांडेय की गुरुवार को प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वह बीएसए कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे। लवलेश के बेटे विनीत ने आरोप लगाया था कि बीएसए के उत्पीड़न की वजह से उसके पिता की मौत हुई है। हालांकि बीएसए ने आरोपों को गलत बताया था। उनका कहना था कि लवलेश शराब के आदी थे और उनकी किडनी खराब हो गई थी। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और बीमारी की वजह से उनकी जान गई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियो रेस्पिरेटरी अरेस्ट बताई गई है। लिपिक के छोटे भाई सुधीर पांडेय ने कहा कि बीएसए का रवैया असंवेदनशील रहा। वह तो घर में शोक जताते तक नहीं आए। उन्होंने कहा कि उनके साथ कई लिपिकों को निलंबित किया गया था। बाकी को बहाल किया गया था और इनको नहीं। एसीपी भी पेंडिंग रखी गई। 22 जनवरी को बेटी की शादी थी और इसलिए भी पैसे के लिए यह परेशान थे। 20 को दबाव की वजह से अटैक पड़ा और बाद में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि बीएसए मानवीयता भूल गए हैं। कहा कि उनकी जानकारी में तो उनके भाई शराब नहीं पीते थे। उन्होंने बताया कि वह अपने भाई को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर गुहार लगाएंगे। पहाड़ी थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि परिजनों को एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोतवाली में, जहां का उनका कार्यक्षेत्र था, तहरीर देनी होगी।

#### आरोप

▸▸ **भाई ने कहा- न्याय पाने के लिए हर दरवाजा खटखटाएंगे**

#### क्या है कार्डियो रेस्पिरेटरी अरेस्ट

चिकित्सकों के अनुसार, कार्डियो रेस्पिरेटरी अरेस्ट तब होता है जब किसी व्यक्ति के फेफड़े और हृदय ठीक से काम नहीं करते या काम करना बंद कर देते हैं। मरीज सांस लेना अचानक से बंद कर देता है, बेहोश हो जाता है। हार्ट पंप करना बंद कर देता है। इससे शरीर के अंग और कोशिकाओं तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होती है।

#### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महेंद्र रहे अव्वल

चित्रकूट, अमृत विचार : भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अव्वल स्थान पाने वाले बच्चों को गायत्री शक्तिपीठ में पुरस्कृत किया गया। जिले में वीवी सरस्वती विद्या मंदिर कर्वी के महेंद्र प्रताप को प्रथम स्थान मिला। इस परीक्षा में जिले के 17 विद्यालयों के 7500 छात्रों ने भाग लिया था। शांतनु पांडेय द्वितीय, देव कुमार यादव और आदर्श द्विवेदी ने तृतीय स्थानप्राप्त किया। गायत्रीशक्ति पीठ के संचालक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विषय में बताया। जिला संयोजक भारतीय संस्कृति परीक्षा के विजयचंद्र गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में सबसे ज्यादा छात्र सीआईसी के थे। उन्होंने सीआईसी के प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान, हरिमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन जितेंद्र सिंह और ज्ञान भारती के पूर्व प्रधानाचार्य शिवलाल सिंह का आभार जताया। साथ ही सहयोग के लिए गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट की सराहना की। इस मौके पर जिला समन्वयक भवानीदीन यादव, सुधा तिवारी, डॉ. रजनीश सिंह, केके बाजपेयी, के त्रिपाठी, राजकुमार ओझा, शंकर दयाल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## हाईवे पर पड़ रहे मंदिर में मूर्ति की हुई पुनर्स्थापना

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** तुलसीतीर्थ में निर्माणाधीन राष्टीय राजमार्ग के तहत विस्तारित क्षेत्र में आने वाले मंदिर की प्रतिमा को पूजा-अर्चना के बाद सेल्हना बाबा आश्रम में स्थापित करा दिया गया।

एसडीएम प्रमोद झा ने बताया कि गौरतलब है कि राजापुर देवी तिराहे से बोड़ी पोखरी के तहत नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र गोस्वामीनगर में स्थित देवी मंदिर आता था। प्रशासन ने मंदिर स्वामी की सहमति से देवी प्रतिमा को सस्म्मान पूजा अर्चना के बाद सिद्ध आश्रम सेल्हना बाबा में बने मंदिर में स्थापित कराया। गौरतलब है कि पूर्व में तुलसी चौक में स्थापित हनुमान मंदिर को प्रतिस्थापित कराकर भव्य मंदिर का निर्माण करा दिया गया है। इसकी प्राण प्रतिष्ठा की तिथि भी जल्द निर्धारित होगी। एसडीएम ने बताया कि कहना है कि राजापुर के विकास में जनप्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। जिस प्रकार से हनुमान मंदिर का निर्माण जनसहयोग से कराया गया है उसी प्रकार देवी मंदिर का भी निर्माण कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने इलाकाई लोगों से अपील की है कि देवालय यदि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ रहे हों तो वे स्वयं हटाकर दूसरे स्थान पर मंदिर का निर्माण करें और राजमार्ग से अतिक्रमण हटा लें।

#### आयोजन

▸▸ **एसडीएम की मौजूदगी में की गई पूजा-अर्चना**

### सार-संक्षेप

#### सीआईसी में हुई एनसीसी प्रमाण-पत्र की परीक्षा



परीक्षा में भाग लेते एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

चित्रकूट, अमृत विचार : चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में संचालित जूनियर डिवीजन एनसीसी की रविवार को ए प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा हुई। प्रायोगिक परीक्षा भी कराई गई। परीक्षा में पंजीकृत 41 कैडेटों में 40 उपस्थित रहे। एनसीसी के चीफ ऑफिसर ऋषि कुमार शुक्ला ने बताया कि एनसीसी में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की परीक्षा दूसरे वर्ष होती है। पास छात्र-छात्राओं को सभी सेनाओं की नौकरियों में वरीयता दी जाती है। इस परीक्षा में इस बार विस्तृत उत्तर नहीं लिखना था। परीक्षा में एनसीसी हेड क्वार्टर 17 यूपी एनसीसी बटालियन प्रयागराज से नायब सूबेदार सुरेंद्र कुमार पटेल, हवलदार शिवकुमार, हवलदार अनिल कुमार और कनिष्ठ सहायक अविनाश प्रजापति का सहयोग रहा लेफ्टिनेंट सुनील कुमार पर्यवेक्षक के रूप में रहे।

#### पुरवा तरौहां को हराकर बदौसा बना विजेता

चित्रकूट, अमृत विचार : पुरवा तरौंहा में मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप के लिए फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें बदौसा टीम ने मेजबान टीम पुरवा तरौंहा को हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बदौसा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 218 रन का विशाल लक्ष्य दिया। मनोज ने शतकीय पारी खेली। पुरवा तरौहां टीम बदौसा की धारदार गेंदबाजी के आगे लड़खड़ा गई और 135 के स्कोर पर ढेर हो गई। बदौसा ने 83 रन से जीत हासिल कर मां कालिका देवी चैलेंज कप पर कब्जा कर लिया। विजेता का पुरस्कार 31 हजार और ट्रॉफी कमेटी के मुख्य संरक्षक रामकरण त्रिपाठी, लवलेश प्रधान ने बदौसा के कप्तान दद्दू प्रसाद व उपविजेता का पुरस्कार 15 हजार और ट्रॉफी मोहन लाल वर्मा ग्राम प्रधान, सुभाष चंद्र मिश्र, राजेंद्र त्रिवेदी ने पुरवा तरौहां के कप्तान रोहित यादव को दिया। अखिल कुमार को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार डॉ. मेराज सिद्दीकी ने दिया। मनोज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट के आयोजन में मिथलेश कुशवाहा, कल्लू वर्मा, संदीप त्रिपाठी, रामदत्त मिश्र, ललित त्रिपाठी, अंकुर त्रिवेदी आदि का सहयोग रहा।

#### खेत में पानी लगाने गया किसान लापता

चित्रकूट, अमृत विचार : खेत में पानी लगाने गया किसान लापता हो गया। सरैया चौकी अंतर्गत गढ़चपा के भौटी पतेरिया निवासी बच्चा (33) पुत्र भइयालाल शनिवार रात खेत में पानी लगाने गया था। परिजनों ने बताया कि इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। बताया कि इस संबंध में चौकी में सूचना दी गई है।

#### हाईटेंशन की चपेट में आने से मौत

चित्रकूट, अमृत विचार : हाईटेंशन तार की चपेट में आने से रैपुरा थानांतर्गत कौबरा गांव के रामचरन की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह खेत जा रहे थे कि रास्ते में हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। गांववालों का कहना था कि तार की जानकारी विभाग को कई बार दी जा चुकी थी पर तार ऊपर नहीं किया गया। मृतक के परिजन फूलचंद्र ने आरोप लगाया कि इसी वजह से उसकी मौत हो गई।

#### हमीरपुर में डाई पीने से युवक की हालत गंभीर

मौदहा, हमीरपुर, अमृत विचार : कस्बे के सर्फुद्दीन (35) पुत्र आबिद ने अज्ञात कारणों के चलते डाई पी ली। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जिस पर परिजनों ने उसे गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल, युवक द्वारा डाई पीने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। परिजन इस बारे में कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं हैं।

## इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं हुई शुरू

संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू हो गईं। चित्रकूट इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चौहान के निर्देशन में रविवार को रसायन विज्ञान और संगीत गायन की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हुईं। कानपुर से आईं परीक्षक नीतू कामठन ने संगीत गायन की परीक्षा कराई। परीक्षा में शिक्षक संतोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. आलोक शुक्ला, तीरथ प्रसाद का योगदान रहा।

रसायन विज्ञान की पहले चरण की परीक्षा में 481 बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में प्रवक्ता राजेश्वर प्रसाद, जयप्रकाश, प्रवीण त्रिपाठी, मनोज पांडेय, तीरथ पटेल, विवेक तिवारी, ब्रह्मचारी प्रसाद, अमित द्विवेदी और प्रयोगशाला सहायक पवन कुमार ने योगदान किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सोमवार को रसायन विज्ञान, भूगोल और व्यावसायिक वर्ग में आशुलिपि टंकण और पुस्तकालय विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। सभी परीक्षार्थियों को समय से पहुंचने के निर्देश दिए।

## मऊ मिर्जापुर की टीम ने जीता एकता कप

#### खेलकूद

▸▸ **तीन विकेट से हासिल की जीत, बरगढ़ मस्ताना की टीम को दी शिकस्त**

बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** मऊ मिर्जापुर की टीम ने एकता कप जीत लिया। बीते दिन हुए फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बरगढ़ मस्ताना की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 102 रन बनाए। जवाब में मऊ मिर्जापुर की टीम तीन विकेट रहते मैच जीत गई। प्लेयर ऑफ द मैच लाला पंडित रहे। बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार सुग्गा ब्रांड को मिला। बेस्ट बॉलर लाला पंडित रहे। मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार भी सुग्गा ब्रांड को मिला।

विधायक प्रतिनिधि पिंटू द्विवेदी, ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ला, श्यामनारायण शुक्ला, ग्राम प्रधान कोनिया विकाश सिंह विजय गुप्ता, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रभात पांडेय, गोइया प्रधान भीम पांडेय, खोहर प्रधान रामनरेश पाल, संतोष, राम कुमार पांडेय, टिंकू द्विवेदी, पूरन द्विवेदी, श्यामू समदरिया, संजय गुप्ता, धनेंद्र तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विजेता टीम को 21 हजार रुपये व ट्रॉफी और उपविजेता को 11 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।



फाइनल मैच का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

#### परेशानी

**मऊ से बियावल जाने वाला रास्ता ध्वस्त, कीचड़ में फंसते हैं वाहन**

## जोर लगा के हईशा...बोल निकालते हैं वाहन

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** जोर लगा के हईशा....ये जोश दिलाने वाले किसी खेल के मैदान में नहीं बल्कि रोजाना मऊ बियावल संपर्क मार्ग पर धंसे वाहनों को निकालने के लिए प्रयोग किए जा रहे हैं।

लोग बताते हैं कि जब बियावल मार्ग बनने लगा था तो नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लग गई थी। पर अब जब काम ठप पड़ा है तो कोई आवाज नहीं उठा रहा। मवई रोड पर भी जगह जगह जलभराव होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समस्या कई वर्षों से लगातार है। बियावल संपर्क मार्ग पर हो गए गड्ढों में पानी भरा हुआ है।

**लोगों ने जताई नाराजगी :** स्थानीय व्यापारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि रास्ता इतना खराब है की लोग संभल संभल कर चलते है। इसके बाद भी चुटहिल हो जाते हैं। बीच में काम शुरू हुआ लेकिन पता नहीं किन कारणों से फिर से बंद हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है की जल्द से जल्द सड़क बनवाई जाए कि लोगों को राहत मिल सके। मार्ग बन जाने से स्थानीय व्यापार भी बढ़ेगा। आसपास के गांवों के मरीज कम समय में मऊ आ सकेंगे।



इस तरह से ध्वस्त है रास्ता, परेशान होते हैं लोग। अमृत विचार

#### कई गांवों के लोगों का है आवागमन

इस मार्ग से लगभग दर्जन भर गांवों के लोगों का आना-जाना है लेकिन मैदाना मोड़ से लेकर इंटर कॉलेज मऊ तक करीब एक किलोमीटर की सड़क में जगह-जगह कीचड़ व जलभराव है। बच्चे भी इसी रास्ते से रोज चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूरी में आते-जाते हैं।

## पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 25 आरोपी दबोचे

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया है। पुलिस ने 25 वारंटियों को गिरफ्तार किया।

मानिकपुर एसआई प्रभुनाथ यादव ने वारंटी राजनारायण पुत्र स्व. मोतीलाल निवासी डांडी चुरेह केशरुवा, राममिलन सोनकर पुत्र संतलाल निवासी शिवनगर व सुनील पाठक पुत्र शिवशरण निवासी वाल्मीकिनगर (पश्चिमी) को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने पिंशु उर्फ विक्रम सिंह पुत्र संजीत सिंह निवासी ग्राम गढ़चपा को पकड़ा। इसी क्रम में भरतकूप थाने के एसआई बालकिशुन ने वारंटी इंदा देवी पत्नी संतकुमार निवासी ग्राम दुगवां को गिरफ्तार किया। एसआई सुरेश कुमार सचान ने सुशील पटेल पुत्र बब्बू पटेल निवासी घुरेटनपुर को, रैपुरा थाने के एसआई रमेश सिंह व संजय सिंह ने शिवपूजन यादव पुत्र बहादुर सिंह उर्फ शिव प्रसाद निवासी रैपुरा व मुन्ना पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम गेटा का पुरवा मजरा भौंरी को गिरफ्तार किया। मारकुंडी थाने के एसआई इंदल सिंह ने कल्लू मिश्रा पुत्र जयराम मिश्रा निवासी बड़ी पाटिन, मऊ के एसआई इंद्रजीत गौतम ने वारंटी समयलाल पुत्र लक्ष्मण व रामभवन पुत्र रामस्वरूप निवासीगण घुरेहटा मजरा परदवां को पकड़ा। चौकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने वारंटी कृष्ण कुमार उर्फ रिग्गु धतुरहा पुत्र श्याम बिहारी निवासी ग्राम नेवरा को गिरफ्तार किया। पहाड़ी थाने के एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह ने शौकत अली पुत्र बब्बू निवासी देवल, पहाड़ी के एसआई परशुराम यादव ने हरीओम पुत्र भइयालाल निवासी तौरा, एसआई विपिन कुमार मिश्रा ने छोट्टन पुत्र केशन निवासी मकरी, सरधुआ थाने के एसआई मुन्नीलाल ने भौंदू उर्फ गौकरन पुत्र सुंदरलाल निवासी बडहर का पुरवा मजरा सुरवल, एसआई चंद्रमणि पांडेय ने जयनारायण शुक्ला पुत्र रामचंद्र शुक्ला निवासी कुचौली, बरगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्या ने गुलाब कुशवाहा पुत्र श्याम बिहारी निवासी जमीरा कालोनी तथा मुन्ना सिंह उर्फ उदयराज सिंह पुत्र दलबहादुर सिंह निवासी ओबरी, चौकी प्रभारी जिला चिकित्सालय राहुल सिंह ने रईश निवासी भरतपुरी, कोतवाली के एसआई गौरव तिवारी ने सोनू शुक्ला पुत्र स्व. रामबहोरी शुक्ला निवासी ब्यूर, एसआई अनिल कुमार गुप्ता ने मो. इरफान उर्फ रिजवान निवासी द्वारिकापुरी तथा हरीशंकर रैकवार पुत्र सत्यनारायण निवासी मछली मंडी, चौकी प्रभारी खोही प्रवीण कुमार सिंह ने मइयादीन निवासी चकभूपत रजौला, राजापुर एसआई शैलेंद्र कुमार ने रायपुर निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया।



## एक नजर

### फरार हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर):** गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने देवगांव तिराहा से गिरफ्तार करके अदालत भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा गया है। क्षेत्र के ग्राम देवगांव में अक्टूबर माह में दो पक्षों के मध्य हुए विवाद में एक व्यक्ति की गंभीर चोटें लगी थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक रघुवीर की पत्नी रामदुलारी ने 24 नवंबर को गांव निवासी राजा बाबू, राजेंद्र, कामता प्रसाद, अनिकेत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को पुलिस ने अनिकेत को देवगांव तिराहा से गिरफ्तार करके अदालत भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### हाई टेंशन लाइन का जर्जर खंभा दे रहा हादसे को दावत

**सुमेरपुर (हमीरपुर):** कस्बे के बोड़ा धर्मशाला के समीप हाई टेंशन लाइन का खंबा जर्जर होकर झुक गया है। इस खंभे से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बोड़ा धर्मशाला के समीप रहने वाले पूर्व सभासद उमाकांत गुप्ता, सूर्यपाल सिंह, पवन सैनी, राजा नामदेव आदि ने बताया कि पिछले कई माह से हाइटेंशन लाइन का एक खंभा बांदा मार्ग किनारे जर्जर होकर झुक गया है। विद्युत विभाग से शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इस खंभे से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है जल्द ही खंभा बदला जाएगा।

### लूट में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर):** गत वर्ष दिसंबर माह में बैंक मित्र के साथ हुई लूट में शामिल छठवें आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। गत वर्ष दिसंबर माह में 26 दिसंबर को देवगांव जाते समय बैंक मित्र के साथ बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस लूट कांड में पुलिस पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और लूटी गई नगदी, लैपटॉप, मोबाइल, बैंक मित्र की आईडी आदि सामग्री बरामद कर चुकी है

## स्वाधीनता आंदोलन के सूरमा लाला लाजपत राय की मनाई गई जयंती

**हमीरपुर, अमृत विचार:** आजादी के आंदोलन में भारत के देशभक्तों की प्रतिभागिता के महेन्जर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत स्वाधीनता आंदोलन के महान सूरमा लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि लाला लाजपतराय केवल पंजाब के ही केसरी नहीं थे। अपितु वे राष्ट्र केसरी थे, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इन्हें सम्मान में लाला कहकर पुकारा जाता था। इनका जन्म पंजाब के मोगा में 28 जनवरी 1865 को राधा कृष्ण अग्रवाल के घर हुआ था। ये शिक्षक और वकील भी रहे। उन्होंने तिलक और बिपिन चन्द्र पाल के साथ मिलकर काम किया। साइमन कमीशन का विरोध किया, गोरों ने इन पर लाठीचार्ज करा दिया। जिसके फलस्वरूप 17 नवम्बर 1928 को इनका निधन हो गया। भारत के जाबाज वीरों में भगतसिंह के ग्रुप ने 1928 सांडर्स का वध कर उनकी मौत का बदला ले लिया। कार्यक्रम में सिद्धा प्रजापति, प्रेम, रवि, महावीर, मुकेश सोनी, रितिक सोनी, संतोष प्रजापति और बीरेंद्र आदि शामिल रहे।


लाला लाजपतराय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते डॉ. भवानीदीन।

## सभी ने सुनी पीएम के मन की बात

कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** स्थानीय नगर पंचायत के सभागार में राज्यसभा सांसद व नगर पंचायत अध्यक्ष ने सुनी पीएम के मन की बात।

कस्बे के स्थानीय नगर पंचायत सभागार में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को सुनने पहुंचे राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद व नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर व वार्ड के सभी सदस्यों व लोगों ने पहुंचकर प्रधानमंत्री के मन की बात का लाइव कार्यक्रम सुना। जिसमें प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 75 वें गणतंत्र दिवस को सभी देशवासियों ने बहुत ही धूमधाम से मनाया। हमारे संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। संविधान ने भारत को सशक्त बनाया है और उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भारत के लोगों ने राम सीता लक्ष्मण जी को अपने हृदय में स्थान दिया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर सभी लोग राममय हो गए। देश के सभी लोगों ने राम भजन गाकर राम में लीन हो गए थे। मन की बात कार्यक्रम में नगर पंचायत कर्मी व वार्ड के सभासद व लोग मौजूद रहे।


पीएम की मन की बात का लाइव प्रसारण देखते राज्यसभा सांसद व अन्य।

## आरोग्य मेले में दोपहर तक देखे गए 57 मरीज

**सुमेरपुर(हमीरपुर), अमृत विचार :** रविवार को कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में सर्दी की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या सर्वाधिक रही। कस्बे की पीएचसी में दोपहर 2 बजे तक 57 मरीज देखे गए थे। रविवार को कस्बे की पीएचसी के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की पीएचसी कलौलीजार, पौथिया, विदोखर, पत्योरा, पचखुरा बुजुर्ग, मौहर के अलावा छानी की सीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन कराया गया। कस्बे की पीएचसी में दोपहर तक 57 मरीज देखे गए थे। यहां पर मौजूद चिकित्सक डा. परवेज अहमद कादरी ने बताया कि ज्यादातर मरीज खांसी जुखाम बुखार जोड़ों के दर्द पेट दर्द की समस्या लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि सर्दी के कारण बच्चों के बीमार होने की संख्या में इजाफा हुआ है।


सुमेरपुर पीएचसी में मरीज देखते चिकित्सक।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## दोस्त की मौत से आहत उसके साथी ने भी फंदे से लटककर दी जान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड नंबर 9 में 40 वर्षीय युवक ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पड़ोस के 32 वर्षीय दोस्त ने अपने दोस्त के गम में अपने कमरे में साड़ी के फंदे से पंखे में लटक कर आत्महत्या कर ली। मोहल्ले में एक साथ दो अर्थी उठने से गमगीन माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने जांच की। साथ ही दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कस्बे के वार्ड नंबर 9 में शनिवार की रात्र साढ़े 8 बजे शैलेंद्र उर्फ लल्ला (40) पुत्र पुत्तन लाल सविता ने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और गमछे से पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी द्वारा आवाज देने पर जब दरवाजा नहीं खोला तो खिड़की से झांक कर देखा तो शैलेंद्र फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र अंश (10) व पुत्री राशि (13) पीछे छोड़ गया है। इस घटना से पत्नी व परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दादा रामआसरे ने बताया कि सदर में एक दुकान में बाल कटिंग सैलून का काम करता था। उधर रात्रि में करीब 9 बजे घटना की जानकारी होने पर मृतक शैलेंद्र उर्फ लल्ला का साथी अंकित (32) पुत्र मलखान ने अपने दोस्त के गम में खाना न खाकर अपने कमरे में सोने चला गया और रात्रि में उसने भी साड़ी के फंदे से पंखे में लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह 7 बजे तक दरवाजा न खुलने पर मां और भाई ने आवाज लगाई तो दरवाजा नहीं खुला। इस पर उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो अंकित फंदे पर झूल रहा था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अविवाहित था और पिता का स्वर्गवास पहले ही हो चुका है। मृतक मजदूरी मेहनत करता था। वही मोहल्ले में एक साथ दो अर्थियां निकलने से लोगों की आंखों नम हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना स्थल पर पहुंची डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल में लगी रही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि दोनों युवक नशे के आदि थे। दोनों साथी थे, एक साथ उठते बैठते थे और शराब का सेवन करते थे।


मृतक शैलेंद्र की (फाइल फोटो)।


मृतक अंकित की (फाइल फोटो)।


मौके पर जांच करती डॉग स्क्वायड टीम। अमृत विचार

# भतीजी की शादी के कार्ड बांटकर घर लौट रहे ताऊ की सड़क हादसे में मौत

**दुर्घटना**

- मुस्करा थाने के मसगांव के पास ट्रैक्टर की टक्कर से हुआ हादसा
- बाइक चला रहा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल, झांसी रेफर

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** भतीजी की शादी के कार्ड बांट कर घर लौट रहे ताऊ की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे मृतक का चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज इलाज झांसी में चल रहा है। मुस्करा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। जनपद महोबा के अंतर्गत खरेला थाने के ग्योड़ी गांव निवासी श्याम सुन्दर कुशवाहा ने बताया कि वह चार भाई हरिनारायण, बबलू, किशोरी है। उसकी पुत्री रेखा की 5 फरवरी को शादी होनी है। जिससे सभी शादी की तैयारियों में जुटे हैं। बताया कि शनिवार को उसका बड़ा भाई हरिनारायण(55) चचेरे भाई राधाचरण (28) पुत्र दीनदयाल के साथ राठ कस्बे में शादी का निमंत्रण देने गए थे। शाम करीब सात बजे निमंत्रण देकर लौट रहे थे। तभी मुस्करा थाने के मसगांव के पास ट्रैक्टर की टक्कर से उनके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज झांसी में चल रहा है। बताया कि उसका भाई मजदूरी करता था। मृतक अपने पीछे 6 पुत्र संत कुमार, कृष्ण कुमार, अमित, अनिरुद्ध, निलेंद्र, बाबू छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी भूरी का रो रोकर बुरा हाल है। मुस्करा थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि ट्रैक्टर को पकड़ लिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


हरिनारायण का (फाइल फोटो)।

### बाइक सवार ने दो को मारी टक्कर, एक की मौत

**मौदहा(हमीरपुर), अमृत विचार :** शनिवार देर रात अनियंत्रित बाइक सवार ने वृद्ध सहित दो लोगों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम पहरा निवासी परमा (23) पुत्र कल्लू बाइक से खन्ना की ओर जा रहा था। तभी परमा ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और खन्ना निवासी देवकी नंदन (70) पुत्र मुल्लू तथा लोकेश प्रताप (35) पुत्र रामप्रकाश को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सहित तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने देवकी नंदन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के मुंडेरा मार्ग पर कस्बे से गांव वापस जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही इसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। थानाक्षेत्र के अतरैया ग्राम पंचायत के मजरा गौरी निवासी श्याम बहादुर (29) पुत्र जयराम यादव शनिवार को बाजार करने के बाद बाइक से कस्बे से शाम को घर वापस जा रहा था। तभी मुंडेरा मार्ग पर बदनपुर मोड़ के पास उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर एंबुलेंस की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन कानपुर ले जाते समय रात करीब आठ बजे इसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस पर परिजन उसे वापस मुख्यालय लाकर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार को पंचनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम कराया गया। बड़े भाई वीरबहादुर ने बताया कि यह तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। यह पिता के साथ खेती-बाड़ी के कार्यों में सहयोग करता था। अचानक हुई इस घटना से मां संतोष कुमारी व पिता जयराम सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कार की टक्कर से एक्सप्रेस वे के तीन कर्मचारी घायल

**राठ(हमीरपुर), अमृत विचार :** शनिवार की रात चार पहिया वाहन ने एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों के चार पहिया छोटा हाथी में टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन कर्मचारी घायल हो गए। यूपीडा की एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव निवासी मनोज(28) पुत्र गोपीचंद ने बताया कि वह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में कर्मचारी हैं। शनिवार की रात वह एक्सप्रेस वे पर बिहूंनी गांव निवासी मुन्ना(30) पुत्र शिवराम तथा अपने भाई मनोज(26) के साथ चार पहिया छोटा हाथी से काम करने जा रहा था। तभी एक्सप्रेस वे के पास कार ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वह सभी लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी ले जाया गया। वहीं कस्बे के पठनऊ मोहल्ला निवासी रामप्रकाश(28)पुत्र छोटेलाल कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी सृष्टि(15) पुत्र हल्के मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। इनको भी कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### सड़क हादसे में 3 घायल

**मौदहा:** सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मप्र गुना निवासी विजय कुमार(24) पुत्र पूरन सिंह और मिलन तिवारी(21) पुत्र प्रदीप तिवारी और झांसी निवासी प्रिंस सिंह (23) पुत्र वीरेंद्र सिंह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल सभी को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### ठंड की चपेट में आने से नवजात की हुई मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर), अमृत विचार :** रविवार को मौसम में बदलाव होने से गलन भरी ठंड से निजात जरूर मिली है लेकिन सुबह शाम की कड़कड़ाती ठंड जारी है। विदोखर पुरई में ठंड की चपेट में आकर एक नवजात में दम तोड़ दिया। उधर देवगांव में एक अधेड़ दोपहर में अचानक नहाने खाने के बाद आंगन में बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। रविवार को हवाओं का रुख बदलने से दिन में ठंड से राहत मिली लेकिन सुबह शाम की ठंड बदस्तूर जारी है। विदोखर पुरई में 22 जनवरी को जन्मे राम जी उर्फ बाहुबली की रविवार तड़के ठंड की चपेट में आ जाने से हालत बिगड़ गई। पिता भूपेंद्र यादव तत्काल सदर अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां पर डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। उधर देवगांव निवासी शिवचरन अहिरवार 62 वर्ष दोपहर को नहाने खाने के बाद आंगन में बेहोश होकर गिर गया। पुत्र महेश्वरी प्रसाद ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## चादरपोशी में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**मौदहा (हमीरपुर):** कस्बे सहित क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत हाजी जमीलुददीन निजामी के सालाना उर्स के दौरान चादरपोशी में अकीदत मंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजरत बाबा निजामी कम्हरिया के खलीफा हाजी सूफी जमीलुददीन निजामी रह.के दो दिवसीय सालाना उर्स के दौरान कस्बे के हुसैनिया स्थित उनके पैतृक आवास से धूमधाम से चादर निकाली गई जो कव्वालियों के साथ देर शाम मजार पर पहुंची। उसके बाद फातिहा और लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में अकीदत मंदो ने लंगर खाया और हजरत पर अपनी खराज ए अकीदत पेश की।


हजरत हाजी सूफी जमीलुददीन निजामी की चादर निकालते अकीदतमंद।

## सर्राफा व्यापारियों ने दुकानें बंद कर जताया रोष

- पनवाड़ी सर्राफा व्यापारी हत्याकांड

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** जनपद महोबा के पनवाड़ी में दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी के साथ लूट करके गोली मारकर हत्या करने पर सर्राफा व्यवसायी में रोष व्याप्त है। रविवार को कस्बे के सर्राफा व्यापारियों ने दुकानें बंद कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की है।

स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बृजभूषण सोनी ने बताया कि गुरुवार को पनवाड़ी कस्बा के अलीपुरा निवासी अजय सोनी(42) अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी शाम करीब साढ़े छह बजे बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया और लोहे की राड से हमला कर दिया था। बदमाशों को पहचान लेने पर व्यापारी को गोली मार दी थी और जेवरात से भरा बैग लूट कर भाग गए थे। बताया कि झांसी में व्यापारी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। रविवार को सर्राफा व्यापारियों ने रोष व्याप्त कर दुकानों को बंद करके रोष व्याप्त किया है। इसके बाद सर्राफा व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर बृजेश सोनी भोले, विनोद सोनी, वीरेंद्र सोनी, हरिओम सोनी, सुरेश सोनी, हरिश्चंद्र सर्राफ, अरविंद सोनी, मुन्ना सोनी दर्जनों सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे।


तहसीलदार वीरपाल को ज्ञापन सौंपते सर्राफा व्यापारी। अमृत विचार

## मिट्टी खनन कर फर्राटा भर रहे सैकड़ों ट्रैक्टर

राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार:** प्रशासन की आंख में धूल झोंककर मिटटी माफिया खुलेआम मौरंग का अवैध खनन कर रहे हैं। क्षेत्र के अमगांव समेत चरखारी रोड़ पर बडी तादाद में मिटटी का अवैध खनन जोरों से चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन के अधिकारी अवैध मिट्टी खनन और परिवहन को लेकर पूरी तरह से मौन हैं। वहीं धड़ल्ले से हो रहे इस अवैध मिट्टी खनन का वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है।

मौरंग माफिया बड़ी बड़ी जेसीबी मशीनों के द्वारा दिनदहाड़े बेखौफ होकर अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टरों पर लोड़ धड़ल्ले से चल रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र के टिकरिया गांव के आसपास तथा बरौली व पड़रा गांव के पास अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर है। माफियाओं ने जेसीबी मशीन लगाकर प्राकृतिक रूप से निर्मित मिट्टी के बने टीलों को धराशाई कर दिया है। अवैध रूप से बेतहाशा मिट्टी खनन के काले कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। इसके बाद मिट्टी के भरे ओवरलोड ट्रैक्टर कस्बे के चरखारी रोड़ व रामलीला मैदान से निकलते हुए पूरे कस्बे की सड़कों पर फर्राटा भरते हैं। लोगों का कहना है कि प्रतिदिन लगभग एक सैकड़ा ट्रैक्टर मिट्टी खनन कर रहे हैं। शासन प्रशासन के अधिकारी भी सब कुछ देखते हुए मौन बैठे हैं। मिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर के चालकों को रोककर उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि खनन को लेकर वह अधिकारियों से मिले हैं। यह भी बताया कि संरक्षण के चलते खुलेआम खनन कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से ही अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य तेजी से फल-फूल रहा है। वहीं एसडीएम का कहना था कि जांच कराकर मामले में कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस ने युवक के विरुद्ध दर्ज किया चोरी का मुकदमा

**राठ(हमीरपुर):** कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी ललती देवी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीमार पति और मानसिक विक्षिप्त पुत्री के साथ किराए के मकान में रहती है। वह मनिहारी की छोटी दुकान चलाकर जीवन यापन करती है। अपने जीवनकाल में सालों से मेहनत कर मंगलसूत्र, झुमकी, चांदी के बिछुआ, पायल, अंगूठी, मीना और फुटकर 12 हजार रुपये कमा कर रखे हुए थे। कुछ समय पहले बीमार बीमार को लेकर गुलाब नगर में रहने वाले पुत्र के घर चली गई। बीते 29 दिसंबर को पति का निधन हो गया। तब से वह अपने किराए के घर पर आना-जाना नहीं हुआ। त्रयोदशी के बाद जब घर पहुंची तब बक्से का ताला टूटा हुआ था और जेवर, रुपये आदि गायब थे। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया कि सत्यम पुत्र महादेव पर चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

### चोर ने दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी किए जेवरात

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा खेड़ा गाँव में अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े एक मकान में घुसकर सोने व चांदी के जेवरातों की चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के कस्बाखेड़ा गांव की निवासी महिला रानी पत्नी हरचरन रैकवार ने राठ कोतवाली क्षेत्र में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि वह अपने किसी काम से राठ आई हुई थी। बताया कि तभी उसी दौरान दिन के समय किसी अज्ञात युवक ने उसके घर में घुसकर सोने के दो मंगलसूत्र, चांदी की दो हाफ पेटी व 250 ग्राम वजन की चांदी की पायलें चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला। बताया कि जब वह घर पहुंची तो बिखरे हुए सामान को देखकर उसे चोरी की घटना की जानकारी प्राप्त हुई। बताया कि उसने राठ कोतवाली में चोरी की घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

**परेशानी** — ग्रामीणों ने की रास्ते में भरे पानी को पम्पिंग सेट से निकालने की मांग

# हाइड्रो टेस्टिंग के दौरान लीकेज रास्तों में भरा पानी


लीकेज से गांव के रास्ते में भरा पानी।

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग में आधी अधूरी पाइप लाइन डालने के बाद हाइड्रो टेस्टिंग के नाम पर पानी चालू किए जाने से लीकेज होने से गांवों के रास्तों में पानी भर गया है। जिससे ग्रामीणों को निकलना चलना मुश्किल हो गया है। गांव के लोगों ने बताया कि पाइप लाइनों को सही ढंग से जोड़ा नहीं गया है। जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

नमामि गंगे योजना के तहत मौजूदा समय में पेयजल के लिए पाइप लाइन को डालने का कार्य बड़ी तेजी से हो रहा है। पचखुरा बुजुर्ग में भी आधी अधूरी पाइपलाइन डाली गई है और इसकी टेस्टिंग के लिए गांव स्थित पानी की टंकी से सप्लाई की जा रही है। जिससे अत्यधिक मात्रा में पानी आने से रास्तों में भर गया है।

जिससे लोगों को चलने फिरने में समस्या हो रही है। गांव निवासी अरविंद कुमार, दुर्गेश प्रताप, महेंद्र सिंह, महेश गुप्ता आदि ने बताया कि नमामि गंगे के ठेकेदारों कार्य में लापरवाही बरत रहे है। सही ढंग से पाइप लाइनों को नहीं जोड़ा गया है। जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है। बताया कि अभी पूरे गांव में लाइन नहीं डाली गई है। ग्रामीणों ने पाइप लाइनों का शीघ्र मरम्मत करने के साथ रास्तों में भरे पानी को पंपिंग सेट से पानी निकालने की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि टेस्टिंग के दौरान लीकेज होने से गांव के एक रास्ते में पानी भर गया है। रात में ही पानी की सप्लाई बंद करा दी गई थी।

लाइनों के दुरुस्त करने के लिए ठेकेदारों को कहा गया है। ठेकेदार आशुतोष सिंह ने बताया कि लाइन चालू करने के पहले टेस्टिंग जरूरी है। जहां लीकेज है उसे ठीक किया जाएगा।

### कदौरा ने झलोखर को आठ विकेट से हराया

**कुरारा(हमीरपुर):** विकासखंड क्षेत्र के पड़ुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को झलोखर व कदौरा के बीच मैच खेला गया। जिसमें कदौरा टीम ने 8 ओवर में दो विकेट खोकर जीत दर्ज की। रविवार को झलोखर टीम व कदौरा टीम के बीच 10 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें झलोखर टीम ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 .5 ओवर में ऑल आउट होकर 74 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी टीम कदौरा ने 8 ओवर में दो विकेट होकर 75 रन बनाकर झलोखर को मात दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमित कुमार निषाद, पूर्व प्रधान राम सजीवन, जगदीश आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण

पत्रांक: 1548 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 23/01/2024

**म्युटेशन सूचना**

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल पठानपुरा–2 वार्ड–12 राठ में स्थित गृह सं0 416 में श्री संजय सिंह व अजय सिंह पुत्रगण प्रमोद सिंह का नाम अंकित है। प्रार्थी श्री प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मलखान सिंह ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 05.01.2024 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल पठानपुरा–2 वार्ड–12 में स्थित भवन सं0 416 पर अंकित श्री संजय सिंह व अजय सिंह पुत्रगण प्रमोद सिंह के जुज भाग पर बट्टे में करके श्री प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मलखान सिंह का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग गंभीर

**मौदहा।** मधुमक्खियों के हमले में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर डेरा निवासी राममिलन (24) पुत्र सूरा नरायच निवासी नारायण (26) पुत्र मुन्ना और नरायच निवासी सदा प्यारी (35) पत्नी छुटकू पर मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर सभी का इलाज किया जा रहा है।

### नाले में गिरी गाय को मोहल्ले वालों ने बाहर निकाला

**कुरारा।** कस्बे के वार्ड नंबर 9 में गाय नाले में गिर जाने पर मोहल्ले वालों ने कड़ी मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाला। कस्बे के वार्ड नंबर 9 में कुरारा बेरी मार्ग पर बने नाला के पास आपस में दो गाय लड़कर एक गाय नाले में जा गिरी। ऊंचा नाला होने पर पटिया पटी हुई थी, जिससे गाय नहीं निकल पा रही थी। पशु मालिक ने मोहल्ला वालों की मदद से कड़ी मसक्कत के बाद नाले की दीवार तोड़कर गाय को बाहर निकाला। घायल गाय का उपचार करवा रहे हैं।

### पुरुष मित्र संग युवती लापता चाचा ने लिखाया मुकदमा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे की एक युवती अपने पुरुष मित्र के साथ शनिवार को घर से अचानक लापता हो गई। चाचा ने पुरुष मित्र के खिलाफ भतीजी को गायब करने का मुकदमा दर्ज कराया है। चर्चा है की युवती की शादी तय हो गई थी और रविवार को वरीक्षा होनी थी। कस्बे के एक व्यक्ति ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी भतीजी को पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने शनिवार को गायब कर दिया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ युवती को गायब करने का मुकदमा कायम किया है। बताते हैं की युवती की शादी तय हो गई थी और रविवार को वरीक्षा कार्यक्रम होना था। इसके पूर्व ही युवती अपने पुरुष मित्र संग गायब हो गई। इसी तरह इंगोहटा निवासी एक व्यक्ति ने थाना में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि लाल बहादुर उर्फ राजेश निवासी खन्ना महोबा उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# सर्राफा कारोबारी की मौत से आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार किया बंद

संवाददाता, पनवाड़ी महोबा

**▸▸ सर्राफा व्यापारी हत्याकांड से व्यापारियों में आक्रोश**

**▸▸ मौत के बाद पनवाड़ी में जगह-जगह पुलिस बल तैनात**

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले सराफा व्यापारी को गोली मारकर की बदमाशों द्वारा बैग लूट लिया गया था। गंभीर हालत में सर्राफ कारोबारी को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया था। तीन दिन तक चले उपचार के बाद रविवार को व्यापारी की मौत हो गई। व्यापारी की मौत से गुस्सा कारोबारियों ने रविवार को बाजार बंद कर विरोध जताया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करने के लिए भी क्राइम ब्रांच, स्वाट टीम सहित चार टीमें गठित कर दी है। उधर मृतक के घर में शव आते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई है।

सराफा कारोबारी अजयकांत सोनी (42) की गुरुवार की रात को अलीपुरा स्थित दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था, तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाश उसके पीछे लग गए और दुकान से 500 मीटर की दूरी पर सुनसान स्थान देखकर दुकानदार को गोली मार कर रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। गोली लगने के बाद खून से लथपथ हालत में उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। तीन दिन तक उपचार चलने के बाद रविवार को मौत हो गई। सराफा कारोबारी की मौत की खबर फैलते ही पनवाड़ी कस्बे में एक के बाद एक दुकानदार ने अपनी दुकानें बंद दी, जिससे आज पनवाड़ी कस्बे में शतप्रतिशत बाजार बंद रहा।



पनवाड़ी का बंद बाजार। अमृत विचार

सर्राफा व्यापारी की मौत के बाद पनवाड़ी कस्बे में जगह जगह पुलिस फोर्स लगा दी गई, जिससे कस्बे में सन्नाटा पसरा रहा। हर गली कूचे में पुलिस के तैनात रहने और बाजार में सन्नाटा पसरा रहने से लोग भी दहशत में दिखाई दिए। व्यापारी को गोली मारकर की गई लूट की घटना का पुलिस तीन दिन बाद भी खुलासा नहीं कर सकी है। उधर व्यापारी की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सारा दिन संत्वना देने वालों का व्यापारी के घर पर तांता लगा रहा। पुलिस अधीक्षक महोबा और पुलिस उप महानिरीक्षक बांदा के घटना स्थल का निरीक्षण और आश्वासन के बाद भी लुटेरों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पायी है, ग्रामीणों व व्यापारियों में भय का माहौल व्याप्त है।

### व्यापार मंडल ने एसपी से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



मार्ग पर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार



एसपी को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**महोबा।** सर्राफा व्यापारी की मौत के बाद रविवार को सर्राफा व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता से मुलाकात कर घटना का पर्दाफाश किए जाने के बावत ज्ञापन सौंपा। एसपी ने व्यापार मंडल को जल्द से जल्द लुटेरों की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किए जाने का आश्वासन दिया। तीन दिन पहले ग्राम अलीपुरा निवासी सराफा कारोबारी अजयकांत सोनी ज्वैलरी की दुकान रात को अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा कारोबारी को गोली मार दी थी, जिसकी रविवार को उपचार दौरान झांसी में मौत हो गई। प्रतिनिधि मंडल में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगाइच, सराफा करोबारी कमलेश सोनी, शिवकुमार सोनी सहित आधा दर्जन व्यापारी शामिल रहे।

# किराना व्यापारी ने घर पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**▸▸ सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अमृत विचार।** कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला तिवारीपुरा में एक किराना दुकानदार में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किराना व्यापारी की मौत से घर में कोहराम मच गया है। घर के मुखिया की मौत से परिवार के लोगों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की ढाई साल पहले शादी हुई थी, शादी के बाद पति की मौत से पत्नी घर में पछाड़े खा रही है। घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला तिवारीपुरा निवासी मयंक गुप्ता (25) रमेश गुप्ता पनवाड़ी बस स्टैंड पर किराने की दुकान किए हुए था और पत्नी के साथ कस्बे में रह रहा था, जबकि उसके माता पिता गांव में रहते थे। कारोबार के चक्कर में वह गांव छोड़कर कई साल से यहां कारोबार कर रहा था। प्रतिदिन की तरह वह शनिवार की देर शाम को दुकान बंद करके अपने कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी में झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर बाद पत्नी खाने के लिए बुलाने कमरे में पहुंची तो पति को फांसी पर लटका देख चीखने चिल्लाने लगी।

मयंक की पत्नी संगीता का शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए और कमरे में जाकर देखा तो मयंक फांसी पर लटका था। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जवान बेटे की मौत से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। रमेश गुप्ता के इकलौते बेटे की मौत के बाद उसके तो घर का चिराग ही बुझ गया है। आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। रिश्तेदारों और पड़ोसियों का मृतक के घर में आना जाना लगा हुआ है।

# तीन दिन से लापता युवक का शव खेत में मिला, हड़कंप

## घर से खेत पर जाने की बात कहकर तीन दिन पहले निकला था युवक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** तीन दिन से लापता युवक का शव खेत में मिला। शरीर पर चोट के निशान पाए जाने पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना अजनर में तहरीर दे दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इस घटना से मृतक के परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

थाना अजनर के ग्राम सगुनिया निवासी धर्मपाल (30) पुत्र जियालाल गुरुवार की शाम को घर से खेत गया था, लेकिन रात में वापस नहीं लौटा, तभी परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी, रिश्तेदारों को भी फोन लगाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार को खेत से लौट रहे कुछ किसानों ने बताया कि धर्मपाल एक अरहर की खेत में पड़ा है, परिवार के लोग आनन फानन में खेत पहुंचे जहां पर उसका शव पड़ा हुआ था और शरीर पर चोट के निशान भी थे।



● **शव खेत में मिलने से परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

परिजनों पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के भाई ने बताया कि किसी से कोई विवाद नहीं था, लेकिन उसके शरीर पर चोटों के निशान होने पर मृतक के परिजनों ने हत्या की अशंका जताते हुए थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। जवान बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष का कहना है कि मृतक के कनपटी पर गम्भीर चोटों के निशान है मामले की जांच कराई जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



गणेश सिंह को सम्मानित करते स्थायी लोक अदालत के पदाधिकारी। अमृत विचार

### स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य गणेश सिंह को दी विदाई

**हमीरपुर।** स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य गणेश सिंह का कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष/न्यायाधीश उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने उन्हें विनम्र, हंसमुख, मिलनसार, मददगार और संतोषी स्वभाव का बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य के रूप में गणेश सिंह द्वारा पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य उनकी असीमित कार्य क्षमता का उत्कृष्ट प्रमाण दिया। इस अवसर पर सदस्य ईश्वरी प्रसाद यादव, पूर्व पेशकार नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वर्तमान पेशकार रामप्रकाश, सुरेश, तौसीफ़, स्वप्निल आदि मौजूद रहे।

### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे नीलगाय के झुंड

**सिंहपुर, अमेठी।** किसानों को नीलगाय के आतंक से जूझना पड़ रहा है। झुंडों में आकर नीलगाय फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ठंड के कारण किसान रखवाली करने में अपने को असहाय महसूस कर रहे हैं। सिंहपुर क्षेत्र के जगतपुर, शिवरतन गंज, लौली, हथरोहना समेत सिंहपुर के कई गांवों के किसान नीलगाय द्वारा फसल नष्ट कर दिए जाने से काफी परेशान हैं। किसान संत प्रसाद, गया प्रसाद, राम भरोसे, मंगल यादव आदि ने बताया कि खेतों में गेहूं, हरी सब्जी नीलगाय के द्वारा प्रतिदिन नष्ट की जा रही है। एक साथ 10 से 15 नीलगाय खेतों में प्रवेश करते है, जिस खेत में झुंड जाता है, उस खेत की फसल को चट करने के अलावा बर्बाद भी कर दे रहे हैं। खदेड़ने के लिए कई बार प्रयास किया जाता है।



स्कूल में अपने मित्रों के साथ खड़े बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों की छुट्टी खत्म होते ही विद्यालयों में बढ़ गई चहल पहल

**▸▸ बच्चों ने छुट्टी बिताने के बाद स्कूल में अपने मित्रों के साथ की मौज-मस्ती**

**कार्यालय संवाददाता, महोबा।** शीतकालीन छुट्टी खत्म होने के एक पखवाडे.बाद विद्यालय खुलने के बाद स्कूलों में चहल पहल बढ़ गई है। कभी दिनों से सूनसान पड़े स्कूल सोमवार को बच्चों के आते ही गुलजार हो गए। स्कूल खुलने के साथ ही तेज धूप निकलने पर बच्चों ने स्कूलों में चहलकदमी कर खेल खेले। शीतकालीन छुट्टी के बाद काफी दिनों बाद बच्चे अपने मित्रों से मिलकर खुश नजर आए। गौरतलब है कि शीतकालीन अवकाश की घोषणा हो गई थी, जिससे विद्यालय बंद हो गए थे। बच्चे भी अपने मम्मी पापा के साथ नानी नाना के यहां छुट्टियां मनाने चले गए। अभिभावक भी छुट्टी का आनंद लेने के लिए दिल्ली, आगरा, प्रयागराज, वाराणासी सहित तमाम शहरों में घूमने निकल गए। अध्यापिकों ने भी बच्चों के साथ छुट्टियों का आनंद लिया। सबसे ज्यादा लोगों ने धार्मिक स्थलों में पहुंचकर मंदिरों को देखा और पूजा अर्चना कर पुण्य किया।16 जनवरी को स्कूल खुलते ही अभिभावक अपने बच्चों को लेकर स्कूलों की तरफ जाते दिखाई दिए, वहीं कुछ अभिभावक बच्चों को स्कूली बसों में छोड़ने के लिए जाते दिखाई दिए, लेकिन चंद दि नही स्कूल जाने के बाद अचापनक जोरदार कड़ाके की ठंड के चलते स्कूली बच्चों की पुन: छुट्टी कर दी गई। इसके बाद 27 जनवरी सुबह से चारो तरफ स्कूली बच्चों और अभिभावकों की आवाजाही से सड़कों पर चहल पहल बढ़ गई। बच्चों के अभिभावक उनकी उंगली पकड़े और दूसरे हाथ से उनका बस्ता लिए बसों की तरफ जाते दिखाई दिए। तमाम अभिभावक बसों के स्टापेज वाले स्थानों पर पहले से ही बच्चों को लेकर बसों का इंतजार करते देखे गए। स्कूल खुलने के साथ ही सुबह से ही सारा दिन स्कूली बसों की भाग दौड़ नजर आई। तमाम बच्चे पैदल स्कूल आते जाते दिखे जिससे सड़के भी गुलजार हो गई।

# गांव में उल्टे कूड़ेदान झूल रहे झूला, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**▸▸ स्वच्छ भारत मिशन की दमौरा गांव में उड़ाई जा रही धज्जियां**

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव गांव को साफ सुथरा रखने के लिए ग्रामीण अंचलों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती करने के बाद भी गांव में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। हालत यह है कि गांव में सफाई कर्मचारी तैनात है, लेकिन महीनों गांव में सफाई करने नजर नहीं आते हैं, सफाई न होने से नालियों का पानी रास्ते में भर रहता है, जगह जगह कूड़े के ढेर लग जाते हैं, जिसके चलते संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सका है, बावजूद इसके ग्राम प्रधान कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

शासन की मंशा है कि शहरों की तरह गांव गांव में पक्की नालियां, पक्के मार्ग और प्रतिदिन साफ सफाई हो सके, इसी गरज से ग्रामीण अंचलों में भी सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। हर गांव में सफाई कर्मचारी तैनात तो है, लेकिन कर्मी सफाई करने के नाम पर हीला हवाली करते दिखाई देते है। प्रधानों से सांठगांठ करके तमाम कर्मचारी महीनों नदारत हो जाते हैं, जिससे नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता है। इतना ही नहीं कूड़े के ढेरों से आ रही दुर्गंध बीमारियों को दावत दे रही हैं, बावजूद इसके ग्राम प्रधान सफाई कर्मचारियों की हाजिरी बराबर लगाकर भेज रहे हैं, जिससे सफाई कर्मचारियों अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। विकासखंड कबरई के ग्राम दमौरा की हालत यह है कि गांव को साफ सुथरा रखने के उद्देश्य से कूडेदान रख दिए गए, जिससे लोग सड़कों पर कूड़ा न डालकर कूडेदान में कूडा डालें, लेकिन स्थिति इसके विपरीत है। सफाई कर्मचारी के गायब रहने के कारण कूडेदान उल्टे टंगे झूल रहे हैं और सफाई कर्मचारी कूडेदानों की स्थिति तक नहीं देख रहा है। कहीं कूडेदान उल्ट लटक पड़ा तो कहीं जमीन पर पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में सफाई कर्मचारियों के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्राम दमौरा निवासी मातादीन ठाकुर का कहना है कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी नियमित नहीं आता है, जिससे गांव की नियमित सफाई नहीं हो पाती है। नालियां कचड़े से बजबजा रही है, जिससे आसपास के लोगों का नालियों की दुर्गन्ध से जीना मुहाल हो गया है। सफाई कर्मी वेतन हर माह पाते हैं, इसके बाद भी गांव में काम करने प्रतिदिन नहीं आता है। यही वजह है कि नालियों के गंदे पानी से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।



मार्ग में फैली गंदगी।

### गलियों में दिखाई देते हैं कचरे के ढेर

ग्राम दामौरा निवासी भगवानदीन श्रीवास कहते है कि सफाई कर्मचरी भारी भरकम वेतन पाने के बाद भी कभी कभार आकर रस्म अदायेगी करता है। सफाई न होने से गांव की हर ज्यादातर गलियों में कचरे के ढेर दिखाई देते हैं, जिनकी दुर्गन्ध से राहगीरों का निकला मुश्किल हो जाता है साथ ही वहां निवास करने ग्रामीणों को प्रतिदिन गंदगी की समस्या से जूझना पड़ता है, इसके बाद भी न तो ग्राम प्रधान सफाई कर्मचारी पर दबाव बनाता है और न ही सफाई कर्मचारी नियमित सफाई करता है।

### मौसम का मिजाज बदलने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

**महोबा।** मौसम का मिजाज बदलते ही मच्छरों की भरमार शुरू हो गई है। कई दिनों बाद रविवार को मौसम साफ और तेज धूप के कारण ठंड का असर कम दिखाई दिया, जिसके चलते मच्छरों की सुगबुगाहट तेज हो गई है। लोग घरों में मॉर्टीन व तरह तरह की अगबत्ती जलाकर मच्छरों से बचाव कर रहे हैं। पिछले एक माह तक पड़ी कड़ाके की ठंड के चलते जहां मच्छर गायब हो गए थे, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका ने भी फागिंग मशीनों को फागिंग करने के बजाय नगर पालिका में ढक कर रख दिया था, लेकिन अब अचानक ठंड के गायब होने के साथ ही मच्छरों की भरमार के चलते लोगों को फागिंग मशीन की याद आने लगी है। उधर स्वास्थ्य विभाग ने भी सालों से मच्छरमार दवा का छिड़काव भी बंद कर दिया हैं।

### जिला स्टेडियम महोबा में 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**महोबा।** जिला स्टेडियम महोबा 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत हो गई है, जहां पर महोबा के अलावा छतरपुर, नौगांव, बांदा सहित कई जिलों और कस्बों की टीमों ने हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट देखने के लिए क्रिकेट शौकीनों की भारी भीड़ जुट रही है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारणा टूर्नामेंट में भारी भीड़ जुटी। रविवार को स्टेडियम में महोबा और नौगांव टीम के बीच 20-20 क्रिकेट मैच खेला गया। बाद में महोबा टीम ने नौगांव की टीम को हराकर पहला मैच जीत लिया। खिलाड़ियों ने मैच खेलने के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही मैच देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। चौके और छक्के लगाने वाले खिलाड़ी को पुरुस्कार बीच बीच में देकर उसका हौसला बढ़ाया गया।



विजयी पहलवानों का उत्साहवर्धन करते सांसद। अमृत विचार

### दो दिनी दंगल प्रतियोगिता में राजस्थान के जल्लाद सिंह ने कानपुर के हरनाम सिंह को किया चित

**▸▸ दंगल प्रतियोगिता का सांसद ने कराया समापन**

**जैतपुर महोबा।** पंचमुखी चौराहा युवक मंगल दल परिसर में दो दिवसीय दंगल का रविवार को हमीरपुर महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने दो पहलवानों की कुश्ती कराकर कराया। समापन अवसर पर हरनाम सिंह कानपुर तथा जल्लाद सिंह राजस्थान के बीच हुई कुश्ती हुई। जिसमें जल्लाद सिंह ने कानपुर के पहलवान को शिकस्त दी. राहुल पहलवान हरिद्वार व शैतान सिंह राजस्थान के बीच हुई कुश्ती रोमांचक रही, राहुल ने शैतान सिंह को 3 मिनट में ही चित कर दिया. बुंदेलखंड केसरी कपिल गुड़ा ने सुरेंद्र वसीपुरा को अपने दाव पेंच से चंद मिनट में ही चित कर दिया। महिला पहलवान अंजू बिहार व आरती लखनऊ के बीच हुई कुश्ती में आरती ने अंजू को पराजित किया। खुशी कानपुर ने पूनम दिल्ली को पराजित किया। राहुल हरिद्वार ने गुप्ता पहलवान राजस्थान को हराया। हरीश मुरादाबाद ने विकास हरियाणा को शिकस्त दी। भूपेंद्र माथुर ने सिकंदर पहलवान दिल्ली को हराया। आखिरी कुश्ती 21 हजार रुपए की बाबा भूपेंद्र दास हनुमानगढ़ी अयोध्या व जल्लाद सिंह पहलवान राजस्थान के बीच आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद कु पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए पहलवानों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने के लिए सात्विक भोजन व नशे से बचने की सलाह दी।इस अवसर पर सांसद ने ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार व मेला कमेटी की भरसक सराहना की। कार्यक्रम में सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाअध्यक्ष अवधेश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत, रामस्वरूप श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरविंद नायक, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मौला बख्श, राम भरोसी रैकवार पंकज तिवारी, महेंद्र राजपूत संदीप शुक्ला, सुधांशु दिक्षित मेला कमेटी के अध्यक्ष कामता कुशवाहा, जगत सिंह अध्यापक ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनसमूह का आभार व्यक्त किया। भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक और दूर दराज से आए हजारों की संख्या में ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे।

**मौसम** | बुजुर्ग बताते हैं कि लगातार कभी भी एक माह तक कोहरा नहीं पड़ा

# कई साल बाद पड़ा लगातार कोहरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** इस साल एक माह तक लगातार कोहरा पड़ने का नया रिकार्ड कायम हो गया है। इससे पहले कभी भी लगातार एक माह तक कोहरा नहीं पड़ा है। बुजुर्ग बताते हैं कि कोहरा तो इससे पहले भी कई कई दिन तक पड़ता था, लेकिन कुछ दिन के लिए आसमान साफ हो जाता है धूप निकल आती थी, लेकिन इस साल एक माह तक कोहरा छाए रहने का नया रिकार्ड बन गया है, जिससे सर्दी भी पूरो शबाब रही।

गौरतलब है कि 28 दिसम्बर से कोहरा पड़ने के साथ कड़ाके की ठंड की शुरुआत भी हो गई थी, लेकिन पूरे माह में एक दो दिन छोड़ दिया जाए तो पूरे माह आसमान में कोहरा छाया रहा। कभी दिन दिन भर तो कभी आधा दिन तो कभी कई कई घंटे तक कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। कड़ाके की ठंड और घरे कोहरे के चलते रोज कमाने वाले रोज खाने वाले श्रमिकों को रोजी रोटी के लाले पड़ गए। इतना ही नहीं श्रमिकों को कई कई दिन तक मौसम खराब होने के कारण मजदूरी तक नहीं मिली।



इस साल एक माह तक आसमान में घना कोहरा छाने का प्रतिकूल असर रबी की फसल पर भी पड़ा है। दलहनी फसलें फूल खराब हो जाने से पचास फीसदी से ज्यादा बर्बाद हो गई है। कोहरे के कारण फसल की ग्रोथ भी तेजी से नहीं हुई है। फसल में दाना भी इस साल कमजोर रह गया है, जिससे फसल के उत्पादन क्षमता घटने के आसार बढ़ गए हैं। मनियापुरा निवासी 78 वर्षीय जलील अहमद खान और भटीपुरा निवासी बादल खान (96) बताते हैं कि उन्होंने अपनी पूरी उम्र में इतने दिनों तक लगातार पड़ने वाला कोहरा नहीं देखा है। इससे सर्दी के साथ साथ फसलों को भी नुकसान हुआ है।

# करोड़ों की धोखाधड़ी कर भाग रहे क्रशर मैनेजर को पुलिस ने दबोचा

**▸▸ घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को किया गया सम्मानित**

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पत्थर कारोबारी रशमीत सिंह मन्ल्होत्रा के साथ उनके मैनेजर सचिन प्रकाश यादव द्वारा करीब चार करोड़ की धोखाधड़ी कर जिले से बाहर भागने से पहले ही महोबा पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर एक करोड़ से अधिक रुपयों की बरामदगी कर ली गई है। पुलिस की इस कामयाबी से अपराधियों में भय पैदा हो गया है, वहीं व्यापारियों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



मामले की जानकारी देतीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

गौरतलब है कि पत्थर कारोबारी रशमीत सिंह मल्होत्रा अपना पत्थर कारोबार देखने के लिए सचिन प्रकाश यादव मैनेजर पद पर रखे हुए थे, जो रोयल्टी बिक्री का पैसा और पत्थर कारोबार के पैसों को भी रखता था। करीब चार करोड़ रुपया एकत्र होने पर वह 10 जनवरी को पैसा लेकर भाग गया। 11 जनवरी को पत्थर कारोबारी ने मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने स्वॉट टीम, सर्विलंस, साइबर पुलिस टीम सहित पांच टीमें गठित की थी। मैनेजर के मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगाए गए, जिससे उसकी लोकेशन की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे बीजानगर रोड स्थित मकान से उसे दबोच लिया।

पुलिस ने उसके पास से एक लैपटाप, अलग अलग कंपनियों के पांच मोबाइल, सोने की एक अंगूठी और नगदी बरामद की। साइबर पुलिस टीम में शामिल फाईम अख्तर प्रभारी निरीक्षक साइबर, आरक्षी भूपेंद्र, शैलेंद्र, सुजीत कुमार, स्कॉट टीम के प्रभारी नरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, कांस्टेबिल रंजीत सिंह, निर्भय सिंह, आशीष बघेल व सर्विलांस टीम के उपनिरीक्षक रवि कुमार सिंह, कांस्टेबिल सत्यम सिह, अंशुल दुबे को 100 पाम होटल में खनन उद्योग कल्याण समिति महोबा के संरक्षक रामकिशोर सिंह व अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां पर पुलिस टीमों को पुलिस अधीक्षक ने प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मोहम्मद वसीम, अवधेश त्रिपाठी, गोपाल दत्त पांडेय, सुरेंद्र सिंह, मनोज त्रिवेदी, एके त्रिपाठी, मोहम्मद अकील सहित तमाम पत्थर कारोबारी मौजूद रहे।

# नपं को बांटने के लिए दिए गए कंबल वापस लेने पहुंचे कर्मचारी

- ऑफिस का ताला तोड़ने की बात पर हुई भाजपा नेता से गहमा गहमी
- कंबल बांटने के लिए दो धड़ों में बटे नजर आए भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** नगर पंचायत रामपुरा में शनिवार को सूर्य देवता के दर्शन के साथ गलन भरी सर्दी से राहत मिलते हुए गर्माहट का एहसास जब लोगों को हो रहा था तभी वहां की राजनीति भी गर्मा गई। बात निराश्रित, गरीबों को कंबल बांटने की थी। गरीबों को तो कंबल मिले लेकिन भाजपा के नेता आमने सामने आ गए। प्रशासनिक कर्मचारियों ने पक्षपात करना चाहा तो बात बिगड़ गई। क्षेत्रीय प्रशासन ने नगर पालिका को जो कंबल दिए थे वह वापस मंगाने को कर्मचारी भेज दिए।

ताला तोड़ने की बात पर बात बिगड़ गई। इसके बाद जनप्रतिनिधियों को फोन करना पड़ा। हालांकि इस दौरान रामपुरा के गरीबों के हाथ में लड्डू रहे। उन्हें ब्लॉक से कंबल मिले और जो रह गए उन्हें नगर पंचायत से कंबल मिल गए। जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय प्रशासन ने नगर पंचायत रामपुरा को कंबल भेजकर बांटने की जिम्मेदारी दी थी। चेयरमैन ने 27 जनवरी शनिवार की शाम को कम्बल वितरण का कार्यक्रम तय कर लिया। इसकी तैयारी भी कर ली। इसी दौरान क्षेत्र पंचायत कार्यालय में भी कंबल बांटने का कार्यक्रम सुबह के वक्त अचानक फिक्स हो गया। वहां पर क्षेत्रीय विधायक कंबल वितरण के मुख्य अतिथि थे।

नगर पंचायत में जहां कंबल रखे थे वहां का ताला बंद था। कर्मचारी बेबस हो गए तो वहीं पहुंचे अधिकारी ने कंबल के लिए ताला तोड़ने की बात कह दी। इस पर वहां की राजनीति गर्मा गई। निवर्तमान चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने इस बात का विरोध किया। चेयरमैन गायत्री वर्मा ने भी फोन पर कहा कि यह तरीका तो ठीक नहीं है। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री के फोन के बाद मामला शांत हुआ। मामला भले ही शांत हो गया हो लेकिन कुछ लोगों ने इस बहस का वीडियो बना लिया। बस फिर क्या चर्चओं का बाजार गर्म होने लगा। इस पूरे मामले में भाजपा की गुटबाजी देखने को मिली। जहां एक ओर लोकसभा की तैयारी है वहीं दूसरी तरफ भाजपा के नेताओं में आपसी सामंजस की कमी साफ तौर पर देखने को मिली। रामपुरा में भाजपा की गुटबाजी कोई नई नहीं है।

### दरार अभी पटी नहीं

**उरई।** नगर पंचायत रामपुरा में जब शैलेंद्र सिंह चेयरमैन थे तो विधायक से उस समय भी रार ठनी रही। उस समय कान्हा गौशाला को लेकर बात बिगड़ गई थी। इसके बाद दूरियां ही बनी रही। हालात तो यहां तक रहे कि कई होर्डिंग में विधायक की फोटो नदारद रहती थी। होर्डिंग में फोटो न होना उस समय चर्चा का विषय भी रहा और समाचार पत्रों की सुर्खियां भी। शनिवार को हुए घटना क्रम को देखकर लोग यही कह रहे थे कि दोनों के बीच की दरार अभी पटी नहीं है।

कम्बल वितरण के लिए कंबल की उपलब्धता कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसमें कोई बात ही नहीं है। ब्लॉक या कहीं भी वितरण प्रशासन की ओर से हो रहा है तो प्रशासन इसकी व्यवस्था दायरे में रहकर करता है। रामपुरा की घटना पर पूरी तरह अनभिज्ञता व्यक्त की और कहा कि इसमें खबर जैसी कोई बात ही नहीं।

–शशिभूषण
उपजिलाधिकारी – माधौगढ़

# शिकायत के बाद खलिहान की जमीन से अतिक्रमण हटवाया

- प्रतापपुरा गांव में खलिहान की जमीन पर गांव के ही लोग किए थे अतिक्रमण
- सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद हरकत में आया प्रशासन

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा में खलिहान की जमीन पर गांव के ही लोगों ने अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया था। यह देख ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर दी। इसकेक बाद प्रशासन हरकत में आया और निस्तारण के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। खलिहान की जमीन की पैमाइश कराई गई। अतिक्रमण पाए जाने पर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटवाया गया।

ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में गाटा संख्या 283 खलिहान की जमीन है। इस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। खलिहान की जमीन पर अतिक्रमण होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित होने लगे थे। ग्रामीण पवन कुमार व राजाबेटा ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। नायब तहसीलदार मुकेश कुमार के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कानूनगो नरेंद्र सिंह, लेखपाल सुधा अग्रवाल, पूजा राजपूत व इंद्रपाल की टीम ने गाटा संख्या 283 खलिहान की जमीन के साथ पड़ोसी नंबर 284 की पैमाइश कराई। अतिक्रमण मिलने पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम प्रधान कामता प्रसाद समेत शिकायतकर्ता व अतिक्रमणकारी की उपस्थिति में खलिहान की जमीन पर बनी दीवाल व अस्थाई निर्माण को जेसीबी लगाकर हटवा दिया। सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हटाने के बाद टीम ने ग्रामीणों को निर्देशित कर कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करेगा। सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है और शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ एफआईआर

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ब्यौना झीलरा निवासी विमला पत्नी तहसीलदार ने कोर्ट के आदेश पर लिखाई गई एफआईआर में बताया कि थाना एट क्षेत्र के ग्राम हरदोई गूजर निवासी राजाराम व गोयलाल पुत्रगण दीनदयाल, गुड्डी पत्नी राजाराम और कमला पत्नी गोयलाल ने संपत्ति के विवाद को लेकर 2 दिसंबर 2023 को गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले को लेकर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को उपरोक्त चारों लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐदलपुर निवासी महिला बबली देवी पत्नी विमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र प्रियांशु बाड़े में बकरियां बांधने गया था। वहां गांव के ही राहुल, गोपालजी, गौरव, त्रिभुवन व अनिरूद्ध आ गए और प्रियांशु के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। उलाहना देने जब भाई अनीस उनके यहां गए तो उन्होंने अनीस के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। भागकर जब अनीस घर आया तो वह लोग भी लाठी, डंडे और चाकू लेकर पीछे से घर में घुस आए। उन्होंने भाई अनीस पर चाकू से हमला कर दिया। जब उसने और पति ने बचाने की कोशिश की तो उन दोनों के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संदर्भ में कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि मामले में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी चार व्यक्तियों को पकड़ा है। जिनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के माल के साथ दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**जालौन, अमृत विचार।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी के माल के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने इंवर्टर, बैट्री, एलईडी, कंवर्टर आदि उपकरणों के साथ चोरी में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार के नेतृत्व में एसआई रमेश सिंह व गोविंद सक्सेना की टीम ने कोतवाली मार्ग पर चेकिंग के दौरान कोतवाली में दर्ज चोरी के एक मामले में आरोपी अखिलेश पांचाल व अनिल पांचाल निवासीगण भवानीराम को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों से पुलिस ने पूछताछ की तो उनके पास से चोरी किया गए दो इंवर्टर बैट्री, एलईडी टीवी, एक म्यूजिक सिस्टम, इंवर्टर, कंवर्टर व चोरी में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। पुलिस ने जामा तलाशी के दौरान अखिलेश के पास से एक चाकू भी बरामद किया है।

### दिव्यांगों तथा उपेक्षित वर्ग की मदद करने में जुटी संस्था

**कालपी।** नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन आफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल (एन.सी.पी.ई.डी.पी.) के फेलो जाविद खान की मौजूदगी में ग्राम पंचायतों हीरापुर तथा देवकली में एक दिवसीय दिव्यागता जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया।जिसमें सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। यमुना नदी के किनारे बसे उक्त ग्रामों में आयोजित शिविर में फेलो ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर दिव्यांगजन को आजीविका जुटाने के लिए अनेकों माध्यम है। जिससे जुड़कर दिव्यांगजन रोजगार व स्वरोजगार कर सकते हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी ( मनरेगा ) अधिनियम, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थिति लोग हरगोविंद, वकील, पंकज, सचिन, शिपु, संदीप, राम मोहन, ताराचंद, नरेन्द्र, राम विलास, कुवर लाल, शिवकुमार, राजेश, रामसिंह आदि शामिल हुए।

### एचटी लाइन की चपेट में आने से युवक झुलसा

**बछरावां-रायबरेली, अमृत विचार।** पेड़ पर चढ़ कर लकड़ी तोड़ रहा युवक एच टी लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया है। थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी अश्वनी पटेल पुत्र रमाकांत पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। तभी वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों द्वारा उनसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सुरक्षा को लेकर चौकसी बरत रही पुलिस

**रायबरेली, अमृत विचार।** नवागत एसपी अभिषेक अग्रवाल के आने के बाद जिले की पुलिसिंग में भी सुधार दिख रहा है। आमजन की सुरक्षा को लेकर जनपद की पुलिस सजग दिख रही है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से लेकर गणतंत्र दिवस को सकुशल सम्पन्न कराने वाली रायबरेली पुलिस इन दिनों सघन चेकिंग अभियान जारी रखे हुए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रात्रि 12 बजे से सुबह 4 बजे तक सभी क्षेत्रधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, बीट प्रभारियों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कराई जा रही है। चेकिंग के दौरान संदिग्ध मिलने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी होती है। सीओ वंदना सिंह ने बताया कि सुरक्षा को लेकर यह अभियान चल रहा है जिसमें संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच की जाती है।

### मारपीट का मामला दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के सराफा मंडी निवासी अतुल सोनी पुत्र रामप्रताप ने आचार्य नगर निवासी उज्जवल सिंह, धीरेंद्र, तुषार सिंह व अंबारा पश्चिम निवासी धूल सिंह के खिलाफ मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित अतुल सोनी ने बताया कि वह बेहटा चौराहा हनुमान मंदिर के पास कार्यवश गए हुए थे। तभी उपरोक्त चारों लोगों ने उसे मारा पीटा। बचाने दौड़े उसके भाई को ईंटा मार कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराकर मुकदमा पंजीकृत किया है।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर चोरी

**महराजगंज, रायबरेली :** मंदिर के मुख्य गेट व दान पात्र का ताला तोड़ दान आई धनराशि को अज्ञात चोर उठा ले गए। पुजारी द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दी है। कस्बे के रायबरेली रोड स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में रखे दान पात्र का ताला रविवार की सुबह टूटा मिला। घटना पर पुजारी ईश्वरदीन द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना व अज्ञात चोर के खिलाफ करीब तीन हजार रुपये उठा ले जाने की तहरीर दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की गयी। प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक बालेन्दु गौतम द्वारा बताया गया की तहरीर प्राप्त हुई है। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा।

### सड़क हादसों में तीन घायल

**महराजगंज, रायबरेली :** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक महिला समेत युवक को गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के रुद्र नगर निवासी मोहित (22) पुत्र स्व. विध्यप्रसाद मोटरसाइकिल से बाजार जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दीख् जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना सुबेहा थाना के निगमपुर बाराबंकी निवासी सोमवती अपने पति नीरज (35) अपने ससुराल जा रही थी। तभी कोतवाली क्षेत्र के कोटवा मोहम्दाबाद के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई, जिससे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# 96 रोगियों का उपचार, 19 की हुई जांच

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश वरतरिया की अध्यक्षता में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी के द्वारा 96 मरीजों का उपचार किया गया, तथा 19 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके जांच की गई।

सीएचसी परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में आए मरीजों को जागरुक करते हुए डॉक्टर दिनेश बरतरिया ने कहा कि ठंडक के मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम से बचाव करने के लिए गर्म कपड़े पहने तथा सिकाई करें। किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉ गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि मेले में मरीजों के मलेरिया , डेंगू, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर 19लोगों की जांच की गई।

इस मौके पर हरचरण सिंह, कुलदीप सचान, आकाश कुमार, रजनीश, जितेंद्र सोनी, अशोक कुमार, ममता, किरण राठौर, हरिओम तिवारी, राम संजीवन गुप्ता, राज कुमार मिश्रा आदि कर्मचारीयों के अपर चिकित्सा इसी तरह नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी उदनपुरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महेवा में चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार की अध्यक्षता में भी मेले का आयोजन किया गया।

### 53 मरीजों का हुआ उपचार

**सरावन।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोहन में आयुष्मान मेला में 53 मरीजों का परीक्षण किया गया। डॉ.जेपी सिंह ने बताया कि मरीजों को जरूरी सलाह दी गई। बताया कि दिन में धूप निकलने लगी है लेकिन अभी सर्दी है लिहाजा शाम को और सुबह गर्म कपड़े पहने। यही सर्दी सबसे अधिक नुकसान करती है। इसके बाद मरीजों को परीक्षण करके उन्हें दवाएं भी दी। यहां पर रमेश कुमार, महित, आदिल आदि स्टॉफ मौजूद रहा।

# डीएम ने कालपी के कागज उद्यमी को पर्यावरण मित्र के सम्मान से नवाजा

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नगर को प्रदूषण मुक्त तथा इंडस्ट्रियल पार्क को स्वच्छ तथा हरा-भरा बनाने के लिए योगदान करने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कालपी के कागज़ उघमी तथा उ.प्र. हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी को पर्यावरण मित्र के सम्मान से नवाजा। इस दौरान उन्हें डीएम ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

विकास भवन सभागार उरई में उद्योग बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उघमियो की समस्याओं को सुना गया। डीएम ने कड़े तेवर दिखाते हुए जिला स्तर के कई अधिकारियों के बेठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुये जवाब तलब किया है। बैठक में कालपी की प्रमुख समस्या इंडस्ट्रियल एरिया के लिए स्वतंत्र फीडर बनने पर जिलाधिकारी को सभी उद्यमियों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी को इंडस्ट्रीयल एरिया के पार्क को सुन्दर बनाने हेतु उनकी पूरी टीम को सम्मानित करते हुए पर्यावरण मित्र का सम्मान देते हुए प्रमाण पत्र दिया। इस पर कालपी के उद्यमियों ने खुशी जताई। सम्मान मिलने पर अध्यक्ष को बंधाई दी।



उद्यमी को प्रशस्ति पत्र देते डीएम। अमृत विचार



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते लोग।

# प्रधानमंत्री ने मन की बात में रामराज्य के स्थापना की बात कही

- निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ सुनी बात

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ने मन की बात के 109वें एपीसोड में संविधान और रामराज्य का जिक्र किया। इस दौरान महिला सशक्तीकरण की बात कही। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष के आवास पर लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

साल के पहले महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपीसोड का प्रसारण किया गया। जिसे शक्तिकेंद्र गणेशजी में बूथ संख्या 41 पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष निशा माहेश्वरी के आवास पर निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी सहित आसपास के लोगों ने सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस से लेकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बात की। पीएम ने बताया कि किस तरह से इस साल हमारे संविधान को 75 साल हो गए। पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर महिला सशक्तिकरण को लेकर भी बात की। भगवान राम को याद करते हुए पीएम ने बताया कि संविधान के तीसरे अध्याय के शुरुआत में हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मणजी के चित्रों को स्थान दिया था। प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था। इस मौके पर अनिल याज्ञिक, गौरव गुर्जर, राजीव मिश्रा, प्रदीप, अमित तिवारी, राजीव माहेश्वरी, सुमन आदि मौजूद रहे।

# 55 रुपये की चाय देने पर शबरी रसोई को नोटिस

- सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे बिल को देख अयोध्या विकास प्राधिकरण ने की खिंचाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में अरुंधति भवन के शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उसके कर्ताधर्ता मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट को नोटिस देकर जमकर फटकार लगाई है। एडीए ने यह भी स्पष्ट कहा है कि मैनेजमेंट तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें नहीं तो, प्राधिकरण आपसे किया गया अनुबंध निरस्त कर देगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित अरुंधती भवन पश्चिम की सुविधाएं मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट देख रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मेसर्स कवच को पत्र लिखा है। संबोधित पत्र में लिखा है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत अनुबंध व्यवस्था के तहत आप द्वारा डॉरमेट्री, पार्किंग व खान पान के औचित्यपूर्ण दरें निधारित की जाएंगी, लेकिन शबरी रसोई का एक बिल वायरल हो रहा है, जिसमें एक चाय की दर 55 रुपये रखी गई है जो कि बाजार दरों से काफी अधिक है। इस वायरल मैसेज से प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। आप को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया जाता है कि खान-पान व अन्य सेवाओं की औचित्यपूर्ण दरें निर्धारित करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्यालय को सूचित करें।

साथ ही तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें की श्रद्धालुओं से खान-पान की अधिक दर वसूलने व प्राधिकरण की छवि को धूमिल करने के लिए क्यों न आपका अनुबंध निरस्त कर दिया जाए।



विकास प्राधिकरण की ओर से जारी किया गया पत्र।




सोशल मीडिया पर वायरल बिल।

### नोटिस मिलने के बाद एडीए में दाखिल किया जवाब

बताया जा रहा है कि शबरी रसोई की तरफ से अयोध्या विकास प्राधिकरण को नोटिस का जवाब दे दिया गया है। जवाब में क्या दिया, अभी यह सामने नहीं आया है। शबरी रसोई के प्रोजेक्ट हेड सत्येंद्र मिश्र ने बताया कि 15 फरवरी से रसोई का संचालन शुरू होना है। उसी समय मेन्यू व उनके रेट भी सामने आएंगे। अभी जो चाय और टोस्ट का बिल वायरल हुआ है वह किसी ने साजिशन किया है।

# बसपा ने सर्वजन हिताए, सर्वजन सुखाए का नारा देकर सभी को सम्मान दिया

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** रविवार को बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। इस दौरान कहा गया कि पार्टी की मुखिया बहिन जी ने सर्वजन हिताए सर्वजन सुखाए की नियत से काम किया। बैठक में नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई।

कालपी के मुहल्ला राजेपुरा स्थिति बौद्ध बिहार परिसर में आयोजित बैठक में बसपा नगरर अध्यक्ष पद पर पुनः हासिम अली पूर्व सभासद की ताजपोशी पर खुशी जताई गई। उन्हें फूलमाला पहनाकर बंधाई दी गई। बैठक में मुख्यअतिथि बृजेश जाटव ने कहा कि बसपा ने हमेशा सर्व समाज की बात की है। सर्वजन हिताए सर्वजन सुखाए का नारा दिया। बहुजन समाज पार्टी को आगे ले जाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटना है।

नगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी बूथ स्तर पर नगर में मजबूत करना है। आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी को यहां से जीत मिल सके। इसके बाद नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई। अरविंद कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया तो हुसैन मंसूरी को नगर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर महासचिव दिलीप पाठक पूर्व सभासद, नगर सचिव के पदों पर संतोष अहिरवार, नियाज उल्ला, कुलदीप श्रीवास, डॉ. अब्दुल लतीफ, संतोष कुमार उर्फ विक्की का मनोनयन हुआ।



बैठक के बाद नगर कार्यकारिणी के साथ खड़े बसपाई।

# टी-20 प्रीमियर लीग : मैच में उरई ने जालौन टीम को सात विकेट से हराया

- सर्वाधिक रन बनाने वाले श्रीकांत को मिला मैन ऑफ द् मैच का खिताब
- अतिथियों ने कहा कि खिलाड़ियों को मौका मिले तो वह आगे बढ़ सकते

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** प्रदेश स्तरीय टी-20 जालौन प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ हो गया। शुभारंभ मैच में उरई की टीवर इलेविन टीम ने जालौन क्रिकेट क्लब को सात विकेट से परास्त कर मैच जीत लिया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजक मंडल को बंधाई दी। कहा कि ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं मे निखार आता है। क्रिकेट में भी अवसर है बशर्ते पूरी तन्मयता से लक्ष्य बनाकर मेहनत करो और समय समय पर अवसर मिलते रहें।

जालौन क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय जालौन टी-20 प्रीमियर लीग का शुभारंभ रविवार को अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने फीता काटकर किया। इस दौरान जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. अभय मिश्रा, एड. संतोष यादव, महेंद्र पाटकार मृदुल, गौरीश द्विवेदी, अभय सिंह राजावत, पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के साथ जालौन और उरई टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय लिया।

पालिकाध्यक्षप्रतिनिधि ने कहा कि क्रिकेट के प्रति आज की पीढ़ी की दीवानगी देखते बनती है। खेल से शारीरिक व्यायाम होता है। उन्होंने कहा कि खेल के साथ सभी को पढ़ाई पर भी फोकस रखना चाहिए। गांव क्षेत्र के प्रतिभाओं को भी खेल में देश व प्रदेश में अपना नाम रोशन करने का अवसर है लेकिन पूरी मेहनत के साथ लक्ष्य निर्धिरत बनाकर आगे बढ़े। इसके बाद शुभारंभ मैच हुआ। इसमें टीवर इलेवन उरई की टीम ने टॉस जीतकर जालौन क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया।

जालौन की टीम की शुरूआत धीमी रही। सलामी जोड़ी के बीच 15 रनों की साझेदारी हुई। पहला विकेट 15 के स्कोर पर गिरा, 21 रन के स्कोर पर लगातार दो बल्लेबाज आउट हुए। 31 रन के स्कोर पर भी उरई की टीम ने लगातार दो बल्लेबाजों को आउट किया। निर्धारित 20 ओवर में जालौन क्रिकेट क्लब ने नौ विकेट पर 87 रन का स्कोर खड़ा किया। जालौन की ओर से सर्वाधिक 13 रन सिद्धेश्वर त्रिपाठी ने बनाए। इसके बाद कृष्णा ने 12 रन और संजय गौतम व मुकुल ने 10-10 रन की पारी खेली। स्कोर का पीछा करने उतरी टीवर इलेवन की टीम ने अच्छी शुरूआत की।

टीम के सलामी बल्लेबाज श्रीकांत वर्मा ने धुआंधार 45 रन की पारी खेली। उन्होंने अपने खेल में चौकों और छक्कों की बरसात कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। उन्हें जालौन के स्पिनर हसनैन ने बोल्ड किया। इसके अलावा उत्तम कुमार ने 14 रन की पारी खेली। टीम ने नौ ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल की। उरई टीम के श्रीकांत वर्मा को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।



जालौन प्रीमियर लीग की शुरूआत कराते अतिथि। अमृत विचार

# निराश्रित गोवंशों को गौसेवकों ने खिलाए लड्डू

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** नगर में निराश्रित गोवंशों को सर्दी से बचाने के लिए गोसेवकों ने लड्डू खिलाए। गौसेवकों का कहना है कि गोवंशों का संरक्षण सेवा भाव से होना चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक माह के पहले रविवार को पंचगव्य उत्पाद और गोआधारित प्राकृतिक खेती का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सर्दी में मौसम में नगर में निराश्रित गोवंशों को सर्दी से बचाव के लिए कोई इंतजाम नजर नहीं आते हैं। निराश्रित गोवंश सड़क पर ही सर्दी में खुले में घूमते रहते हैं। कई बार वह बीमार भी हो जाते हैं। गोसेवा संयोजक एवं स्वामी नित्यानंद गोसेवा संस्थान लौना रोड के प्रबंधक सोहनलाल गुप्ता ने नगर में निराश्रित घूम रहे गोवंशों को इम्युनिटी वर्धक लड्डू खिलाए। उन्होंने बताया कि यह लड्डू बाजरे का आटा, गुड़, सौंठ, मैथी, हल्दी, आजवाइन, काली मिर्च आदि से तैयार किए गए हैं। यह तत्व न सिर्फ सर्दी से बचाव करेंगे बल्कि यह लड्डू गोवंशों के लिए टॉनिक का भी काम करेंगे। ऐसे लड्डू बनाकर सभी लोग अपने आसपास रहने वाले निराश्रित गोवंशों के साथ ही घरों में जो पालतू गोवंश हैं उन्हें भी खिलाएं। बताया कि गो सेवा संस्थान द्वारा लौना रोड पर प्रत्येक माह के पहले रविवार को जैविक खेती को बढवा देने के उद्देश्य से गोआधारित प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही गोवंशों से आय बढ़ाने के लिए पंचगव्य आधारित उत्पाद बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि लोग अपने घरों में गोवंशों को पालकर उन्हें आय का भी जरिया बना सकें।

